1325. मुख्यमंत्री द्वारा 13 फरवरी, 2019 को विधान सभा में दिये गये बजट वक्तव्य में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य राजस्थान के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कितना रखा गया है?

(a) 3.2 (b) 3.0
(c) 2.7 (d) 3.8

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (a) : वित्तीय वर्ष 2019-20 राजस्थान का राजकोषीय घाटा 3.19 प्रतिशत था। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजस्थान का राजकोषीय घाटा 4.36% है।

1326. राजस्थान में WPI के लिए आधार वर्ष किस को लिया जाता है?

(a) 1999-2000 (b) 1995-1995
(c) 2004-2005 (d) 2008-2009

सूचना सहायक भर्ती परीक्षा -2018 (12 मई, 2018)

Ans. (a) राजस्थान में (WPI) थोक मूल्य सूचकांक के लिए आधार वर्ष 1999-2000 को लिया जाता है। थोक मूल्य सूचकांक (WPI) खुदरा स्तर से पहले के चरणों में वस्तुओं की कीमत में बदलाव को मापता है और उसकी निगरानी करता है। भारतीय सूचकांक को मोटे तौर पर निम्नलिखित तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है– (1) प्राथमिक उत्पादन (2) ईंधन ऊर्जा, प्रकाश और स्नेहक (3) विनिर्मित उत्पाद।
राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान में WPI के आधार वर्ष संशोधन के लिए डा. एस.एस. आचार्य (निदेशक विकास अध्ययन संस्थान, जयपुर राजस्थान) की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन किया था। समिति की सिफारिशों के आधार पर राजस्थान सरकार ने थोक मूल्यों (आधार वर्ष 1952-53) की मौजूदा शृंखलाओं को 1999-2000 आधार वर्ष की संशोधित शृंखला के साथ प्रतिस्थापित करने का फैसला लिया।

1327. 2018-19 के बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजस्थान का प्रत्याशित राजकोषीय घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में है?

(a) 6.12 (b) 4.23
(c) 2.98 (d) 3.98

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (c) 2018–19 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 में राजस्थान का प्रत्याशित राजकोषीय घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 2.98% के रूप में था। वर्तमान में वर्ष 2022–23 का राजकोषीय घाटा 58211.55 करोड़ रूपये है। जो GSP का 4.36 प्रतिशत है। जबकि 2021–22 के बजट में यह GSDP का 3.98% था।

1328. राजस्थान में रोजगार सृजन हेतु पिछली तीन वार्षिक योजनाओं में बल दिया गया है-

(a) प्राथमिक क्षेत्र पर
(b) कौशल विकास पर
(c) IT क्षेत्र पर
(d) सड़कों के निर्माण पर

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (a) राजस्थान में रोजगार सृजन हेतु पिछली तीन वार्षिक योजनाओं में प्राथमिक क्षेत्र पर बल दिया गया है। 'हुनर का हर हाथ, रहे रोजगार के साथ' इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना शुरू की।

1329. चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट (2015-16) की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय हस्तान्तरणों में शुद्ध कर-राजस्व में राजस्थान का अंश कितना रहा-

(a) 6% (b) 5.85%
(c) 5.5% (d) 5.6%

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट (2015-16) की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय हस्तान्तरणों में शुद्ध कर-राजस्व में राजस्थान का अंश लगभग 5.5% रहा है। 15वें वित्त आयोग की रिर्पोट की सिफारिशें के अनुसार केन्द्रीय हस्तांतरणों में राजस्थान का अंश 6.026% है।

1330. राजस्थान की किस वार्षिक योजना में सार्वजनिक क्षेत्र में परिव्यय की प्रस्तावित राशि सर्वाधिक रही है-

(a) 2014-2015 (b) 2015-2016
(c) 2013-2014 (d) 2012-2013

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान की वार्षिक योजना 2014-2015 में सार्वजनिक क्षेत्र में परिव्यय की प्रस्तावित राशि सर्वाधिक (72%) अधिक रही है। 2013-14 में कुल योजना परिव्यय 40,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 2014-15 में 69,820 करोड़ रुपये हो गया।

1331. 2014-15 में राजस्थान के स्थिर मूल्यों (2004-05) पर शुद्ध घरेलू उत्पाद लगभग कितना रहा -

(a) 2375 अरब रुपये (b) 1800 अरब रुपये
(c) 1520 अरब रुपये (d) 1700 अरब रुपये

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) 2014-15 में राजस्थान के स्थिर मूल्यों पर (2004-05) पर शुद्ध घरेलू उत्पाद लगभग 1520 अरब रुपये था। जबकि वर्तमान में चालू मुल्यों पर (2021-22) राजस्थान की G.D.P– 11.96 लाख करोड़ तथा स्थिर मूल्यों (2011-12) पर GDP 7.33 लाख करोड़ रहने का अनुमान है।

1332. राज्य का सकल/शुद्ध घरेलू उत्पाद का आधार वर्ष है-

(a) 1999-2000 (b) 1993-94
(c) 2004-05 (d) 2001-02

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान राज्य का सकल/शुद्ध घरेलू उत्पाद का आधार वर्ष 1999-2000 है। जबकि राज्य का नवीनतम् सकल/शुद्ध उत्पाद का आधार वर्ष 2011-12 है।

1333. राज्य बजट भाषण 2021-22 में, डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में राजस्थान इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग की स्थापना कहाँ करने की घोषणा की गई?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) कोटा (d) अजमेर

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II